दिनांकः 26.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की, कहा–बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी तेजी से बढ़ी है।
- आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश के युवाओं से स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जोरों पर– नाम वापिसी की आखिरी तारीख कल।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वस्तु और सेवा कर–जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में त्यौहारों के दौरान देशवासियों के नाम लिखे अपने पत्र का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके आग्रह से बाजारों में स्वदेशी सामानों की खरीदारी तेज़ी से बढ़ी है।

.....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

.....................

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। श्री मोदी ने कहा कि इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष गुजरात के एकता नगर में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के पास विशेष समारोह आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी से रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आग्रह किया।

.....................

श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जलाए गए जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के प्रयासों से संबंधित देश के विभिन्न शहरों की कुछ प्रेरक कहानियों का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने भारत के राष्ट्रीय गीत – वंदे मातरम की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह देशभक्ति शब्दों से परे एक भावना है। 7 नवंबर को हम 'वन्देमातर' के 150वें वर्ष के उत्सव में प्रवेश करने वाले हैं। श्री मोदी ने सभी से वंदे मातरम के महिमामंडन के लिए प्रयास करने और हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ सुझाव भेजने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को लेकर प्रदेशभर में उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम के इण्डोर हॉल में मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर राज्य सरकार हरियालो राजस्थान अभियान चला रही है। इस अभियान में इस वर्ष अब तक 11 करोड़ 61 लाख से अधिक वृक्ष लगाए गए हैं। इस दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई सहित कई जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे। बहरोड़ में केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रसारण सुना। वहीं चौमू में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। पाली, चूरू सहित कई जिलों में भी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।

...............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दृढ इच्छाशक्ति से राष्ट्र का पुनर्निर्माण किया और बिखरे हुए भारत को एकता के सूत्र में पिरोया। श्री शर्मा ने आज जयपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की आगामी 150वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक सभी जिलों में 3 दिन तक 8 से 10 किमी लंबी पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इस दौरान एक जिला–एक खेल योजना के तहत हर जिले में स्थानीय प्रचलित खेल का आयोजन किया जाएगा। श्री शर्मा ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को

रोजगार देने की दिशा में तत्परता से काम किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया।

...............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहे। उन्होंने शक्ति नगर कैंप कार्यालय पर जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को मौके पर उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कोटा को पर्यटन सिटी बनाने के लिए उच्च स्तर पर प्रयास किये जा रहे है। इस वास्ते सभी को मिलकर काम करना होगा।

...............

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जोर पकडने लगा है। निर्वाचन विभाग ने अधिक से अधिक मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने के वास्ते प्रचार प्रसार के साथ सेल्फी बूथ स्थापित की हैं। निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशन में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत जिलेभर में लगातार जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रेरणादायक स्लोगन लिखवाये गये है। वहीं चुनाव के शुभंकर 'मतू' के कटआउट भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे है। गौरतलब है कि नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 27 अक्टूबर है। इसके बाद ही प्रत्याशियों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उपचुनाव के लिए मतदान 11 नवम्बर को होगा और मतगणना 14 नवम्बर को की जाएगी।

...............

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में उतार–चढाव के बीच मौसम सामान्य बना हुआ है। सुबह और शाम की गुलाबी सर्दी के साथ अधिकतर जिलों में फिलहाल मौसम शुष्क है। बारां में आज सुबह से बादल छाये रहे। पाली और बालोतरा में भी दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही। भीलवाड़ा जिले में दोपहर बाद अचानक काले बादल छा गये और ठण्डी हवा चलने लगी।

सिराही  में सुबह–शाम ठण्ड का एहसास होने से लोगों को गर्म कपडों में देखा जा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने आज से नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि इस तंत्र के असर से उदयपुर और कोटा संभाग में बारिश की संभावना है।

...............

प्रदेश के विभिन्न पर्यटक स्थल इन दिनों सैलानियों से गुलजार नजर आ रहे हैं। सलूम्बर जिले की प्रसिद्ध जससमंद झील के किनारे देशी–विदेशी पर्यटकों की आवक जारी है। पर्यटक नौकायन, फोटोग्राफी और झील किनारे सूर्योदय–सूर्यास्त का आनंद ले रहे हैं। स्थानीय होटल, रिसॉर्ट और भोजनालयों में भी भीड़ बढ़ने से कारोबारियों के चेहरे खिले हैं। वहीं पाली जिले के रणकपुर जैन मन्दिर, खेतलाजी मन्दिर और आशापुरा धाम में दीवाली के बाद से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। पिछले तीन–चार दिन में करीब 2 लाख श्रद्धालू मन्दिरों के दर्शन कर चुके हैं। वहीं सिरोही जिले का पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू भी पर्यटकों से गुलजार है।

...............

सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटू श्याम जी का अवतरण दिवस एक नवम्बर को मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। मेले में बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और सुविधाओं की तैयारियां पूरी कर ली है। पुलिस उप–अधीक्षक संजय बोथरा ने बताया कि मेले के दौरान आतिशबाजी और पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। मेले में 1200 से अधिक पुलिसकर्मी, 500 होमगार्ड और एक हजार निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किये जायेंगे। 31 अक्टूबर से एक नवम्बर तक रींगस–खाटू मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वहीं तीर्थराज पुष्कर में अन्तर्राष्ट्रीय मेले का 30 अक्टूबर को झण्डारोहण के साथ विधिवत आगाज होगा। इसी दिन वॉइस ऑफ पुष्कर, लोकनृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत होगी। मेले का समापन 5 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महास्नान के साथ होगा।

...............

सूर्य अराधना के महापर्व छठ के दूसरे दिन आज श्रद्धालुओं ने निर्जला उपवास रखकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसे खरना के नाम से जाना जाता है। इससे पहले चार दिवसीय छठ पूजा कल नहाय–खाय के साथ शुरू हुई थी। राजधानी जयपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में रहने वाले बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश और भोजपुर क्षेत्र सहित पूर्वांचल के लोगों में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रदेशभर के धार्मिक सरोवरों पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ जमा रही। जयपुर के गलता तीर्थ में शाम को श्रद्धालुओं ने अर्घ दिया। कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने पर पर्व का समापन होगा।

...............